सिंधु घाटी सभ्यता
कार्यपत्रक

1. आपके अनुसार भारत यूरोप की तुलना में तकनीकी-विकास की दौड़ में पीछे क्यों है

2. सिंधु घाटी सभ्यता के अंत के बारे में अनेक विद्वानों के कई मत हैं। आपके अनुसार इस सभ्यता का अंत कैसे हुआ होगा, तर्क सहित लिखिए।

3. उपनिषदों में बार-बार कहा गया है कि – "शरीर स्वस्थ हो, मन स्वच्छ हो और तन-मन दोनों अनुशासन में रहें।" आप अपने दैनिक क्रिया-कलापों में इसे कितना लागू कर पाते हैं? लिखिए।

4. प्राचीन समय में विदेशों में भारतीय संस्कृति के प्रभाव के दो उदाहरण बताइए।

5. वेदों में किस बात पर बल दिया गया है और सबसे पहला वेद कौन सा है?

6. भारत के दो कौन से प्राचीन ग्रंथ हैं और उनका किस-किस पर प्रभाव पड़ा?

7. भारत की राजधानी दिल्ली पहले किस नाम से जानी जाती थी?

8. ब्राह्मी लिपि के अक्षर सबसे पहले कहां मिले थे?

9. औषधि विज्ञान और शल्य चिकित्सा पर किसने पुस्तकें लिखी?

10. चरक किसके दरबार में राजवैद्य थे?

11. भगवान बुद्ध का जन्म कब हुआ और उन्होंने मध्यम मार्ग अपनाने की बात क्यों कही?

12. चंद्रगुप्त और चाणक्य ने राष्ट्रीयता का नारा क्यों बुलंद किया?

13. चाणक्य के व्यक्तित्व की जानकारी किस प्राचीन नाटक से मिलती है?

14. चाणक्य को और किस नाम से जाना जाता है? उसके द्वारा रचित पुस्तक का नाम लिखिए|

15. भारत और एशिया के दूसरे भागों में आज भी अशोक को क्यों याद किया जाता है